आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 12.05.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- डी जी एम ओ ने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए कहा– ऑपरेशन के दौरान आतंकी ठिकानों और कई महत्वपूर्ण इलाकों को नष्ट किया गया।
- दक्षिण अण्डमान ज़िला परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रकाश अधिकारी और उपाध्यक्ष भूमिनाथन का कल शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया।
- पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी आज बुद्ध पूर्णिमा हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है।
- प्रशासन के खेल निदेशालय की ओर से कल पांच किलोमीटर दौड़ और तीन किलोमीटर वॉकथॉन का सफल आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

भारतीय सेना के सैन्य संचालन महानिदेशक– डी जी एम ओ, लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर हमले में सौ से अधिक बडे आतंकवादी मारे गए हैं। नई दिल्ली में कल तीनों सेनाओं की प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि इन आतंकवादियों में यूसुफ अजहर, अब्दुल मलिक रऊफ और मुदासिर अहमद जैसे आतंकवादी शामिल हैं, जो आई सी–814 के अपहरण और पुलवामा विस्फोट में शामिल थे। जनरल घई ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की अवधारणा आतंकवाद के अपराधियों तथा योजनाकारों को दंडित करने और उनके आतंकी ढांचे को नष्ट करने के स्पष्ट सैन्य उद्देश्य के साथ की गई थी। ऑपरेशन सिंदूर ने सीमा पार आतंकी ढांचे पर बहुत मेहनत और सूक्ष्मता से निशाने साधे और आतंकी शिविरों तथा प्रशिक्षण स्थलों की पहचान की। डी जी एम ओ ने कहा कि उन्होंने शनिवार दोपहर बाद पाकिस्तान के डी जी एम ओ से बात की, जिन्होंने युद्ध की स्थिति समाप्त करने का प्रस्ताव दिया। उन्होंने कहा कि इसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों की ओर से सीमा पार से गोलीबारी और हवाई घुसपैठ बंद हो गई।

दोनों पक्षों ने आज दोपहर बारह बजे बातचीत करने का भी फैसला किया, ताकि इस सहमति को लंबे समय तक बनाए रखने के तौर–तरीकों पर चर्चा की जा सके। लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने इस बात पर निराशा जताई कि पाकिस्तानी सेना को, सीमा तथा नियंत्रण रेखा के पार गोलीबारी करने और उसके बाद ड्रोन घुसपैठ करके इन व्यवस्थाओं का उल्लंघन करने में केवल कुछ घंटे लगे।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के डी जी एम ओ को एक और हॉटलाइन संदेश भेजा गया है, जिसमें बताया गया कि अगर सहमति का उल्लंघन होता है, तो इसका जवाब सख्ती से और दंडात्मक तरीके से दिया जाएगा।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण – एन डी एम ए ने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है कि वे किसी भी अज्ञात विस्फोटक सामग्री को न छुएं। सोशल मीडिया पर पोस्ट में एन डी एम ए ने कहा कि ये विस्फोटक सामग्री खतरनाक हो सकती है और लोगों को गंभीर चोट या मौत का कारण बन सकती है। एन डी एम ए ने कहा कि अगर लोगों को कोई अज्ञात सामग्री मिले तो तुरंत स्थानीय अधिकारियों को सूचित करें।

<><><><><><><>

दक्षिण अण्डमान ज़िला परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रकाश अधिकारी और उपाध्यक्ष भूमिनाथन का कल परिषद के सम्मेलन कक्ष में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। दक्षिण अण्डमान ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा ने नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही दक्षिण अण्डमान ज़िला परिषद के नए नेतृत्व के कार्यकाल की शुरूआत हुई। कार्यक्रम में द्वीपो के सांसद बिष्णु पद रे और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर सांसद ने अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में ज़िला परिषद ज़िले के विकास तथा कल्याण के लिए प्रभावी ढ़ंग से कार्य करना जारी रखेगी।

<><><><><><><>

पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी आज बुद्ध पूर्णिमा हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दीं हैं। अपने संदेश में उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह पवित्र दिन भगवान बुद्ध के जन्म, ज्ञान प्राप्ति और महापरिनिर्वाण का प्रतीक है, जिनका गहन ज्ञान चुनौतीपूर्ण समय में हमारे लिए ध्रुव तारे के रूप में कार्य करता है। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध का अहिंसा, दया और मध्यम मार्ग का संदेश आज की दुनिया में व्यक्ति और समग्र मानवता दोनों के लिए पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि गौतम बुद्ध की शिक्षाएं लोगों को सबके लिए अधिक शांतिपूर्ण, दयालु और सामंजस्यपूर्ण समाज बनाने की दिशा में मार्गदर्शन करती हैं।

इस बीच बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर द्वीपसमूह के उपराज्पाल एडमिरल डी के. जोशी ने द्वीपवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि यह पर्व सत्य, करूणा, अहिंसा और आंतरिक शान्ति के मूल्यों का स्मरण कराता है–ऐसे सिद्धान्तों का भगवान बुद्ध ने न केवल उपदेश दिया, बल्कि उन्हें अपनाया भी। उन्होंने कामना की कि यह उत्सव प्रत्येक द्वीपवासियों के जीवन में प्रसन्नता, समृद्धि और आध्यात्मिक पूर्णता लेकर आए।

<><><><><><><>

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय, अण्डमान एसोसिएशन ऑफ टूर–ऑपरेटर्स के सहयोग से कल रोजगार मेला का आयोजन करेगा। यह मेला कॉलेज परिसर में आयोजित होगा। मेले का उद्देश्य छात्रों को बेहतरीन कैरियर के अवसर प्रदान करना है। इसमें बी बी ए–पर्यटन, बी–कॉम, एम–कॉम, बी सी ए, बी ए, एम–ए, एम एस सी, बी एस सी और बी पी ई एस के अंतिम वर्ष या पाठ्यक्रम पूरा कर चुके छात्र भाग ले सकते हैं। विभिन्न क्षेत्रों की कई प्रतिष्ठित कम्पनियां योग्य उम्मीदवारों की भर्ती के लिए कार्यक्रम में भाग लेंगी। इच्छुक छात्रों को गुगल–फार्म भर कर पंजीकरण करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

प्रशासन के खेल निदेशालय की ओर से कल सुबह पांच किलोमीटर दौड़ और तीन किलोमीटर वॉकथॉन का आयोजन किया गया। 'फिटनेस–फॉर–ऑल' के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य एक स्वस्थ जीवन शैली और सामुदायिक कल्याण को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर प्रशासन के मुख्य सचिव, डॉ. चंद्र भूषण कुमार मुख्य अतिथि थे। उन्होंने चाथम से हरी झंडी दिखाकर पांच किलोमीटर दौड़ का शुभारंभ किया और दौड़ में भाग भी लिया। प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी इस दौड़ में शामिल हुए। पचास वर्ष से अधिक आयु के प्रतिभागियों के लिए तीन किलोमीटर वॉकथॉन फीनिक्स–बे पावर हाउस चौक से शुरू हुई और नेताजी स्टेडियम पहुंचकर संपन्न हुई। बाद में, प्रशासन के मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार, द्वीपसमूह के डी जी पी हरगोबिंदर सिंह धालीवाल और प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने पांच किलोमीटर दौड़ और तीन किलोमीटर वॉकथॉन के विजेताओं को पदक प्रदान किए।

<><><><><><><>

जहाजरानी निदेशालय ने एम वी कैम्पबेल–बे की यात्रा की संभावित तिथि की घोषणा की है। जहाज श्री विजयपुरम से विशाखापत्तनम के लिए तेईस मई को शाम चार बजे रवाना होगा और विशाखापत्तनम से अट्ठाईस तारीख को शाम चार बजे श्री विजयपुरम के लिए वापसी करेगा।

अग्रिम टिकटों की बुकिंग पन्द्रह मई से सुबह नौ बजे से शाम चार बजे के बीच की जा सकती है। यात्री स्टार्स टिकटिंग काउंटर या ई–टिकटिंग पोर्टल से भी टिकट बुक करा सकते हैं।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

डी जी एम ओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा–ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत सौ से अधिक आंतकवादी मारे गए है। इस खबर को डेली टेलीग्राम्स ने अपनी पहली हेडलाइन बनाया है। दक्षिण अण्डमान जिला परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के शपथ ग्रहण समारोह को द्वीप समाचार ने प्रमुखता देते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। इसके अलावा अखबार ने बुद्ध पूर्णिमा पर उपराज्यपाल के संदेश को भी प्रमुखता दी है। द अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने शहीद द्वीप में आटों और कचरे वाले फाउंडेशन की ओर से तट सफाई अभियान चलाए जाने की खबर को पहले पन्ने में जगह दी है। इंफो इंडिया ने महिला सशक्तिकरण के लिए ग्राम पंचायत वन्डूर में मिशन शक्ति योजना पर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने की खबर को प्रमुखता दी हैं। द इको ऑफ इंडिया ने दक्षिण अण्डमान ज़िला उपायुक्त की ओर से हरी झण्डी दिखाकर पांच किलोमीटर दौड़ और तीन किलोमीटर वॉकथॉन का शुभारंभ किए जाने की खबर को सचित्र प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>